# 2023-24
# त्रैमासिक परीक्षा
## विषय – लेखाशास्त्र

Set-B

समय : 3 घंटे | कक्षा - 11 वी | पूर्णांक-80

निर्देश : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (2) प्र.क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 7 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक वाक्य में उत्तर 7 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक के प्रश्न हैं। (3) प्रश्न क्र. 6 से 15 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आंवटित हैं। (4) प्रश्न क्र. 16 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। शब्द सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आंवटित हैं। (5) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। शब्द सीमा 120 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आंवटित हैं। (6) प्रश्न क्र. 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिये गये हैं। (7) संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का बंधन नहीं है।

---

**प्रश्न.1 सही विकल्प चुनिये -** **(1x6=6)**

(1) वेतन के भुगतान से -
(अ) पूंजी में वृद्धि होगी (ब) पूंजी में कमी होगी
(स) पूंजी में परिवर्तन नहीं होगा (द) लाभ में वृद्धि होगी

(2) अव्यक्तिगत खाते कितने प्रकार के होते हैं -
(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

(3) क्रेडिट नोट का प्रयोग किया जाता हैं -
(अ) क्रयबही लिखने हेतु (ब) विक्रयबही लिखने हेतु
(स) क्रय वापसी बही लिखने हेतु (द) विक्रय वापसी बही लिखने हेतु

(4) जिस व्यक्ति को उधार माल बेचा जाता है उसे कहते हैं-
(अ) देनदार (ब) लनेदार
(स) उत्पादक (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(5) पूर्ति पंक्ति के अंतिम विक्रेता द्वारा अंकित जीएसटी का भार पड़ता है -
(अ) उत्पादक पर (ब) थोक विक्रेता पर
(स) फुटकर विक्रेता पर (द) उपभोक्ता पर

(6) लुकास पेसियोली की पुस्तक कौन से सन् में प्रकाशित हुई थी-
(अ) 1464 में (ब) 1494 में (स) 1489 में (द) 1474 में

**प्रश्न.2 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये -** **(1x7=7)**

1. विक्रय के समय ही आय की मान्यता ............. की मान्यता पर आधारित है।
2. कमीशन प्राप्त होने पर ............. खाता क्रेडिट करते हैं।

3. उधार बेची गयी सम्पत्ति का लेखा ............. में होगा।
4. रोकड़ बही का क्रेडिट शेष ............ दर्शाता है।
5. व्यापार के स्वामी ने जो धन व्यापार में लगाया उसे ............. कहते हैं।
6. नकल बही ............. की पुस्तक है।
7. प्रलेख जिनकी सहायता से पुस्तकों में लेखा किया जाता है .......... कहलाते हैं।

**प्रश्न.3** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/एक वाक्य में लिखिये - (1x7=7)**

1. *GST* का पूरा नाम लिखिए।
2. दैनिक खर्चों का हिसाब-किताब किस रोकड़ बही में लिखा जाता है?
3. आधुनिक पद्धति में खातों को कितने वर्गों में बांटा गया है?
4. जर्नल के प्रारूप में कितने स्तम्भ होते हैं ?
5. किसी भी वस्तु या सेवा के नगद या उधार विनिमय को क्या कहते हैं?
6. सतत् व्यवसाय की आवधारणा में व्यवसाय की अवधि कितनी होती है?
7. प्रमाणक कितने प्रकार के होते हैं ?

**प्रश्न.4** **सत्य/असत्य बताइये - (1x6=6)**

1. रोकड़ बही मुख्य बही एवं सहायक बही दोनों है।
2. विक्रय खाता का शेष सदैव नामे होता है।
3. आंतरिक उपयोगकर्ता व्यावसायिक इकाई के बाहर होते हैं।
4. पूँजी पर ब्याज व्यवसाय के लिए लाभ है।
5. ऐतहासिक लागत सिद्धांत के अनुसार सम्पत्तियों का लेखा पुस्तकीय मूल्य पर किया जाता है।
6. लेखांकन मानक मौखिक विवरण होते हैं।

**प्रश्न.5** **सही जोड़ियाँ बनाइये - (1x6=6)**

| कॉलम(अ) | कॉलम(ब) |
|---|---|
| 1. क्रय पुस्तक | (1) बैंक स्तम्भ वाली रोकड़ बही |
| 2. व्यय | (2) अमूर्त सम्पत्ति |
| 3. विपरीत प्रविष्टि | (3) उधार क्रय |
| 4. लेनदार | (4) बीजक बही |
| 5. मौद्रिक मापन | (5) पूंजी घटती है |
| 6. ख्याति | (6) मुद्रा में प्रकट करना |

**प्रश्न.6** बहीखाते की परिभाषा लिखिए। 2

**अथवा** लेखांकन का अर्थ लिखिए।

**प्रश्न.7** लेनदार का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

**अथवा** देनदार का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न.8 वाऊचर के नाम लिखिए। 2

अथवा डेबिट नोट क्या है?

प्रश्न.9 कैश मेमो से क्या आशय है? 2

अथवा वाउचर किसे कहते हैं?

प्रश्न.10 दोहरा लेखा प्रणाली का जन्म कब और किसके द्वारा हुआ? 2

अथवा दोहरा लेखा प्रणाली से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न.11 वास्तविक खाते के कोई पाँच उदाहरण लिखिए। 2

अथवा दोहरा लेखा प्रणाली से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न.12 डेबिट शब्द से क्या आशय है? 2

अथवा क्रेडिट शब्द से क्या आशय है?

प्रश्न.13 खाते कितने प्रकार के होते हैं? 2

अथवा जर्नल से क्या आशय है?

प्रश्न.14 जर्नल के विभिन्न कॉलम कौन-कौन से होते हैं? 2

अथवा सहायक बहियों के नाम लिखिए।

प्रश्न.15 क्रय बही किसे कहते हैं? 2

अथवा विक्रय बही किसे कहते हैं?

प्रश्न.16 नाम की चिट्ठी किसे कहते हैं? 3

अथवा जमा की चिट्ठी किसे कहते हैं?

प्रश्न.17 तलपट क्या है? 3

अथवा तलपट बनाने की प्रमुख विधियों के नाम लिखिए।

प्रश्न.18 बहीखाता व लेखांकन में अंतर लिखिए। 3

अथवा निम्नलिखित सौदों को श्याम की क्रय ही में लिखिए-

| | |
|---|---|
| जनवरी 1 | ज्ञान से 800 रुपए का माल खरीदा |
| जनवरी 7 | गोपाल से 5 डिब्बे पेन, रु. 50 प्रति डिब्बे की दर से नकद खरीदे |
| जनवरी 19 | गणेश से रु. 700 का माल खरीदा। |

प्रश्न.19 रोकड़ बही के लक्षण लिखिए। 3

अथवा निम्नलिखित व्यवहारों को साधारण रोकड़ बही में लिखिए और शेष निकालिए-

| | | |
|---|---|---|
| जून 1 | रोकड़ शेष | 8950 |
| जून 2 | पारस ब्रदर्स को दिये | 3950 |
| जून 3 | वेतन दिया | 150 |
| जून 4 | मोहनलाल से प्राप्त हुए | 560 |
| जून 5 | नगद बिक्री | 375 |
| जून 6 | नगद फर्नीचर खरीदा | 450 |

| | | |
|---|---|---|
| जून 7 | नगद मा क्रय किया | 270 |
| जून 10 | किराया दिया | 135 |

**प्रश्न.20** रोकड़बही तैयार कीजिए -

| 2019 | | रकम (₹) |
|---|---|---|
| नवम्बर-1 | हाथ में रोकड़ | 30,000 |
| नवम्बर-4 | गुरमीत से प्राप्त | 12,000 |
| नवम्बर-8 | बीमा किश्त का भुगतान | 6,000 |
| नवम्बर-13 | फर्नीचर क्रय किया | 10,000 |
| नवम्बर-16 | नकद माल बेचा | 28,000 |
| नवम्बर-30 | वेतन भुगतान किया | 3,500 |

**अथवा** सहायक बहियाँ रखने के लाभ समझाइए।

**प्रश्न.21** खाता बही के चार लाभ लिखिए।

**अथवा** निम्नलिखित जानकारी से फर्नीचर खाता तैयार कीजिए-

| 2019 | | रकम (₹) |
|---|---|---|
| मार्च-1 | नकद फर्नीचर क्रय किया | 35,000 |
| मार्च -4 | अरुण से फर्नीचर क्रय किया | 10,000 |
| मार्च -8 | नकद फर्नीचर विक्रय किया | 8,000 |
| मार्च -13 | राम को फर्नीचर बेचा | 10,000 |
| मार्च -31 | फर्नीचर पर ह्रास लगाया | 3,500 |

**प्रश्न.22** **रोजनामचा में प्रविष्टियाँ कीजिए-**

| 2020 | | रकम ( ₹ ) |
|---|---|---|
| दिसम्बर-1 | रोकड़ से व्यापार प्रारंभ किया | 75,000 |
| दिसम्बर-4 | मोहन से उधार मशीन खरीदी | 10,000 |
| दिसम्बर-8 | स्वाति को माल बेचा | 5,000 |
| दिसम्बर-13 | फर्नीचर क्रय किया | 10,000 |
| दिसम्बर-16 | स्वाति से पूर्ण भुगतान में प्राप्त हुए | 4,900 |
| दिसम्बर-31 | वेतन भुगतान किया | 500 |
| | किराया दिया | 1,000 |

**अथवा** दोहरा लेखा प्रणाली के प्रमुख सिद्धांत समझाइए।

**प्रश्न.23** व्यापारिक बट्टा एवं नकद बट्टा में अंतर समझाइए।

**अथवा** लेखांकन के उद्देश्य समझाइए।

●●●